# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

**5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001**

**हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463**

**Website:www.upsmfac.org    Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org**


पत्रांक संख्या–5848/26    दिनांक 31.07.26

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / निदेशक / प्रबन्धक,**
समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (शासकीय / निजी क्षेत्र),
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र् 2026–27 में प्रवेश के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5369 / 26 दिनांक 15.07.2026 के क्रम में सूचित करना है कि उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से सम्बद्धता प्राप्त सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण केन्द्रों को शैक्षणिक सत्र् 2026–27 में राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित निम्नवत् 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं पठन–पाठन राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों एवं अर्हता, सीटों की संख्या एवं करिकुलम के अनुरूप ही किया जायेगा :–

| **Diploma Nomenclature for Allied and Healthcare Programmes for Academic Year 2026-27** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Diploma Nomenclature** | **Min. Seats** | **Max. Seats** | **Program Duration** | **Admission Eligibilty Criteria** |
| 1 | Diploma of Anaesthesia and Operation Theatre Technology (*D.AOTT*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology/ Mathematics subjects. |
| 2 | Diploma of Radiotherapy Technology (*D.RT*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |
| 3 | Diploma of Dialysis Technology (*D.DT*) | 5 | 10 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |
| 4 | Diploma of Health Information Management (*D.HIM*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Science or Commerce or Arts and English as mandatory subject. |
| 5 | Diploma in Medical Laboratory Technology (D.MLT) | 30 | 60 | 02 Years | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र् 2026–27 में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रमवार सीटों की संख्या को राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली के मानकानुसार पुर्ननिर्धारण किया गया है। पाठ्यक्रमवार सीटों की भर्ती संख्या के पुर्ननिर्धारण हेतु व्यवस्था निम्नवत है :–

1. सीटों का पुर्ननिर्धारण केवल उपरोक्त 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु किया गया है। जिनमें शैक्षणिक सत्र् 2026–27 में प्रवेश लिया जायेगा।

2. जिन पाठ्यक्रमों को विलय करके एक पाठ्यक्रम कर दिया गया है, उनमें सीटों का निर्धारण हेतु यदि पूर्व के दोनों पाठ्यक्रम की पूर्व निर्धारित कुल सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार नये पाठ्यक्रम की निर्धारित अधिकतम सीमा से ज्यादा है, उनकी पुर्ननिर्धारित सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार निर्धारित अधिकतम सीमा के समान होगी।

3. जिन पाठ्यक्रमों में पूर्व से निर्धारित सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार निर्धारित सीटों की न्यूनतम सीमा से कम है, उनकी पुर्ननिर्धारित सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार न्यूनतम सीटों के बराबर होगी।

4. जिन पाठ्यक्रमों में पूर्व से निर्धारित सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार निर्धारित सीटों की अधिकतम सीमा से अधिक हैं उनकी पुर्ननिर्धारित सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार अधिकतम सीटों के बराबर होगी।

5. जिन पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या NCAHP, नई दिल्ली के मानकानुसार निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम सीटों के मध्य है, उन पाठ्यक्रमों की पूर्व निर्धारित सीटों की संख्या यथावत रहेंगी।

उक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र् 2026–27 हेतु प्रवेश एवं पठन–पाठन राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों, सीटों की संख्या एवं करिकुलम के अनुरूप ही किया जायेगा। उपरोक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किन्ही अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम में तथा उपरोक्त 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में मानकानुसार पुर्ननिर्धारित सीटों की संख्या से अधिक प्रवेश मान्य नहीं होंगे। यदि उक्त 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अतिरिक्त एवं पुर्ननिर्धारित सीटों से अधिक प्रवेश लिया जाता तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान का होगा।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या –                                                  दिनांक –

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद, लखनऊ।

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।